# कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

**कार्यालय का पता–कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर**
**दूरभाष –0151–2226551 ई मेल– aayukt.ele@gmail.com**

---

क्रमांक : शिविरा / प्रारं / PPEC / EBSB / 19558 / 2022 / 241 दिनांकः यथा हस्ताक्षर

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ,**
**स्कूल शिक्षा, समस्त जिला।**

**विषयः"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** कार्यक्रम अन्तर्गत गतिविधियों के संचालन हेतु दिशा–निर्देश जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर के पत्रांकः रा.स्कू.शि.प. / जय / गुणवत्ता / EBSB / 2025–26 / 15443873 दिनांक 21.05.2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के प्रसंगोक्त पत्रानुसार **'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम'** की क्रियान्विति राज्य के विद्यालयों के माध्यम से की जानी है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के द्वारा "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के टास्क 263 के अनुसार सुझायी गई गतिविधियाँ विद्यालय स्तर पर क्रियान्वित करायी जानी है, जिससे विद्यार्थियों को बहुमुखी विकास के अवसर प्राप्त हो सके। राजस्थान के युग्म राज्य असम से संबन्धित विभिन्न गतिविधियाँ विद्यालय स्तर पर आयोजित की जानी है। **"एक भारत श्रेष्ठ** भारत" कार्यक्रम अन्तर्गत गतिविधियों के संचालन की सफल क्रियान्विति हेतु निम्नांकित दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें:–

- राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की समस्त गतिविधियों का क्रियान्वयन कराया जावे।
- युग्म राज्यों (राजस्थान एवं असम) की स्कूलों को भाषा एवं संस्कृति की जानकारी साझा किया जाना सुनिश्चित किया जावे।
- विद्यालय मे विद्यार्थियों को चयनित कर चयनित विद्यार्थियों को असम राज्य का भ्रमण कराया जाना सुनिश्चित करें।
- प्रत्येक विद्यालय मे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लिये एक EBSB प्रभारी शिक्षक नियुक्त किया जावे।
- विद्यार्थियों को EBSB प्रभारी शिक्षकों के माध्यम से युग्म राज्यों की सांस्कृतिक मैपिंग की जानकारी दी जावे जिसमें–वेशभूषा, खान–पान, रीति–रिवाज, लोकगीत, लोकनृत्य, लोकवाद्य आदि की जानकारी साझा हो।
- प्रत्येक विद्यालय में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' क्लब का गठन किया जावे एवं EBSB CLUB में एकीकृत EBSB गतिविधियों का संचालन किया जावे। क्लब के गठन की सूचना भिजवाना सुनिश्चित करवाने के साथ ही EBSB गतिविधियों की एक्सन टेकन रिपोर्ट प्रत्येक माह की 5 तारीख को इस कार्यालय की ईमेल आई.डी. **siqerajasthan.state2@gmail.com** पर प्रेषित करवाना सुनिश्चित करावें।
- EBSB क्रियान्विति हेतु जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर **WhatsApp** ग्रुप बनाकर विभिन्न स्कूलों के वीडियो / फोटोग्राफ साझा करें।
- विद्यालयों में विद्यार्थियों के पास **EBSB पोर्टफोलियो** होनी चाहिये जिसमें राजस्थान एवं असम की भाषा के सामान्य वाक्यों, चित्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का रिकॉर्ड संधारित किया जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajkumar Sharma
Designation : Additional Director
Date: 2025.06.02 13:51:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15641990

- जिला स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय भाषा दिवस (21फरवरी) पर वाद–विवाद, क्विज, निबन्ध आदि प्रतियोगिताऐं आयोजित की जावे।
- राजस्थान एवं असम के लोकनृत्य क्रमशः घूमर एवं बिहू आदि की झलकियों/सांस्कृतिक कार्यक्रमों के 2–5 मिनट के वीडियों यू–ट्यूब पर एव EBSB की ईमेल आई.डी. **siqerajasthan.state2@gmail.com** पर प्रेषित कराना सुनिश्चित करावें।
- 2 दिसम्बर को असम राज्य स्थापना दिवस एवं 30 मार्च को राजस्थान स्थापना दिवस पर उत्सव आयोजन किया जावे।
- युग्म राज्य असम की भाषा में वर्णमाला, गीत, कहावतों तथा 100 वाक्यों में विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन दिया जावे।
- विद्यालय प्रार्थना सभा में अन्य साप्ताहिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जावे।
- युग्म राज्य से सम्बन्धित विचित्र वेषभूषा का आयोजन कराया जावे।
- दीक्षा मोबाईल एप को EBSB प्रभारी शिक्षकों द्वारा स्वयं के मोबाईल पर डाउनलोड करना सुनिश्चित करावें।

**नोटः**– एक भारत श्रेष्ठ भारत की क्रियान्विति हेतु भाषा संगम की सामग्री व बुकलेट दीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध है। बुकलेट TEXT FORM एवं Q.R. Code, Audio and video in sign language में भी उपलब्ध हैं। NCERT नई दिल्ली की वैबसाइट पर सभी भाषाओं के 100 वाक्य सामान्य वार्तालाप हेतु उपलब्ध हैं।

**सत्र 2025–26 में EBSB अन्तर्गत कराई जाने वाली गतिविधियाँ**

| क्र. स. | गतिविधि का नाम | विशेष विवरण | क्रियान्विति निर्धारित समय |
|---|---|---|---|
| 1 | EBSB प्रभारी शिक्षक की नियुक्ति तथा संक्षिप्त लेखन अभ्यास करवाया जाना | "एक भारत एक श्रेष्ठ भारत" गतिविधियाँ करने के लिये विद्यालय मे नियुक्त प्रभारी शिक्षक द्वारा निर्धारित दिवस पर सहयोगी राज्य की भाषा में भागीदारी के लिये पहले अपने राज्य की भाषा तत्पश्चात् युग्म राज्य की भाषा में "स्वच्छ भारत", एकल उपयोग प्लास्टिक, पानी की बचत, राष्ट्रीय एकता, प्रतिज्ञा इत्यादि लिखी जावे। | सत्रारम्भ में विद्यालय स्तर पर प्रभारी का चयन तथा संक्षिप्त लेखन का अभ्यास सत्रपर्यन्त |
| 2 | युग्म राज्य असम की भाषा में वर्ण, गीत, कहावत तथा 100 वाक्यों मे विद्यार्थी के अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना तथा युग्म राज्य की न्यूज का वाचन | विद्यालय प्रार्थना सभा में गृहकार्य के रूप में अन्य साप्ताहिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में असम राज्य के वर्ण, गीतों, कहावतों एवं दैनिक उपयोग में आने वाले 100 वाक्यों के प्रयोग हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना।<br>विद्यालय प्रार्थना सभा में समाचार का समय निर्धारित करें, जिसके अन्तर्गत समाज सुधारक, प्रसिद्ध व्यक्तित्व एवं राष्ट्रीय जानकारियों से संबंधित वार्तालाप किया जावे एवं प्रभारी शिक्षक द्वारा प्रबोधन किया जावे। | सत्रपर्यन्त |
| 3 | स्कूलों मे वैकल्पिक भाषा कक्षाओं का संचालन | स्कूलों में युग्म राज्य की भाषा को सीखने के लिये वैकल्पिक भाषा कक्षा का संचालन जहाँ संभव हो किया जाए, साथ ही युग्म राज्य की भाषा सिखाने वाले शिक्षक को विद्यालय स्तर पर प्रशस्ति–पत्र दिया जावे। | सत्रपर्यन्त भाषा के कालांश में 10 मिनट तक |
| 4 | "अपने युग्म राज्य को जानें" प्रश्न–उत्तर सत्र | स्कूल में प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित करना जिसमें विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी हो सके। यह सत्र माह के अंत में आयोजित किया जावे। प्रार्थना सभा के दौरान प्रभारी शिक्षक द्वारा सभी छात्रों को युग्म राज्य से संबंधित प्रश्न पूछना। | जुलाई |
| 5 | थीम्ड डिस्प्ले बोर्ड तथा भित्ती | असम के ऐतिहासिक स्मारकों ,वेशभूषा, पेंटिंग, हस्तशिल्प | अगस्त |

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajkumar Sharma
Designation : Additional Director
Date: 2025.06.02 13:51:32 IST
Reason: Approved

| | | | |
|---|---|---|---|
| | चित्रण | व संस्कृति पर विद्यार्थियों से अपने विचार व्यक्त करने तथा उन विचारों को दीवार व थीम्ड डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने के लिये प्रेरित किया जावे। | |
| 6 | साहित्यिक उत्सव का आयोजन | 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाये तथा 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जावें।<br>विद्यालय स्तर पर वर्ष में एक बार विभिन्न प्रकार की साहित्यिक गतिविधियाँ/प्रतियोगिताऐं आयोजित की जावें (ये प्रतियोगिताऐं द्विभाषी होगी)। प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रभारी शिक्षक मनोनित किये जावें एवं संस्था प्रधान द्वारा आयोजन की मॉनिटरिंग की जावे। | सितम्बर |
| 7 | युग्म राज्य (असम) के इतिहास, संस्कृति तथा परम्पराओं पर नाटक मंचन (Stage Play) करवाना | 2 अक्टूम्बर को विधिवत गांधी जयन्ती मनाई जाए तथा 31 अक्टूम्बर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अन्तर्गत सभी राजकीय विद्यालयों में समस्त विघार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा एकता की शपथ ली जाए।<br>असम की संस्कृति एवं इतिहास में भागीदारी, परम्पराओं पर स्कूलों में नाटक का मंचन करवाया जावे। | अक्तुबर |
| 8 | युग्म राज्य असम की भाषा में छात्रो के बीच निबंध प्रातियोगिता का आयोजन | 14 नवम्बर का बालदिवस उत्सव आयोजित किया जाये। असम राज्य की भाषा में विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जावे। | नवम्बर |
| 9 | युग्म–राज्य दिवस समारोह का आयोजन | 2 दिसम्बर को युग्म राज्य असम का राज्य दिवस विद्यालयों में मनाया जावे एवं समूह नृत्य, गायन, भाषण, कविता इत्यादि गतिविधियों द्वारा युग्म राज्य की जानकारी दी जावे। | दिसम्बर |
| 10 | सांस्कृतिक प्रातियोगिता आयोजन | 12 जनवरी को युवा दिवस सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन समस्त विद्यालयों में किया जाये।<br>26 जनवरी गणतंत्र दिवस या किसी अन्य दिवसों पर विद्यालयों में सांस्कृतिक प्रातियोगिता का आयोजन करवाना जिसमें युग्म राज्य के सांस्कृतिक पक्षों पर आधारित गतिविधियाँ शामिल हो। | जनवरी |
| 11 | विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता | 16 फरवरी को देवनारायण जयन्ती तथा 29 फरवरी को विज्ञान दिवस को सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन समस्त विद्यालयों में किया जाये।<br>युग्म राज्य से सम्बन्धित विचित्र वेषभूषा प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर पर कराया जावे। | फरवरी |
| 12. | राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन | 30 मार्च को युग्म राज्य असम का राज्य दिवस विद्यालयों में मनाया जावे एवं समूह नृत्य, गायन, भाषण, कविता इत्यादि गतिविधियों द्वारा युग्म राज्य की जानकारी दी जावे। | मार्च |
| 13. | सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन | 7 अप्रेल को विश्व स्वास्थ्य दिवस तथा 14 अप्रेल को भीमराव अम्बेडकर दिवस को सम्बन्धित गतिविधियां का आयोजन समस्त विद्यालयों में किया जाये। | अप्रेल |
| 14. | सांस्कृतिक प्रातियोगिता आयोजन | 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से सम्बन्धित गतिविधियां का आयोजन समस्त विद्यालयों में किया जाये। योग अभ्यास से अनेक लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाये। | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajkumar Sharma
Designation : Additional Director
Date: 2025.06.02 13:51:32 IST
Reason: Approved

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | EBSB पोर्टफोलियो का संधारण एवं मूल्यांकन | "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अन्तर्गत विद्यालय के सभी विद्यार्थियों द्वारा EBSB पोर्टफोलियो बनायी जावे, जिसमें विद्यार्थी महत्वपूर्ण तथ्यों, बुनियादी ज्ञान, असम परिचय, ऐतिहासिक स्थान, राज्य के स्वदेशी खेल, राज्य के बारे में महत्वपूर्ण एवं रोचक जानकारी का नोटबुक में संधारण करें। छात्रों का मूल्यांकन उनके द्वारा तैयार नोटबुक के आधार पर किया जावे। श्रेष्ठ लेखन करने वाले तीन छात्रों को विद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र/स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जावे। | सत्रपर्यन्त प्रत्येक विद्यार्थी को EBSB पोर्टफोलियो संधारण करना एव EBSB प्रभारी शिक्षक तथा संस्था प्रधान द्वारा मूल्यांकन करना |

इसके अतिरिक्त निम्नांकित गतिविधियाँ भी सत्र में संचालित की जानी है—

- युग्म राज्य असम के विद्यार्थियों एवं राजस्थान राज्य के विद्यार्थियों के साथ वर्चुअल मीटिंग कराना ताकि भाषा, संस्कृति एवं ऐतिहासिक जानकारियों के साथ खान—पान, वेष—भूषा, लोक—गीत, परम्पराओं का भी आदान—प्रदान कर भारतीय एकता एवं अखण्डता की कड़ी को मजबूत किया जा सके।
- हैरीटेज क्लब के गठन संबंधी कार्यवाही करवाना।
- जिन राजकीय विद्यालयों में EBSB क्लब का गठन नहीं हुआ है उन विद्यालयों में क्लब के गठन संबंधी प्रक्रिया को गति प्रदान करवाना।
- EBSB के अन्तर्गत राजस्थान राज्य के विद्यार्थियों को असम राज्य में शैक्षिक भ्रमण करवाना।

नोटः—शिविरा पंचांग में वर्णित "NO BAG DAY" के अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की गतिविधियों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करावें।

(राजकुमार शर्मा)
नोडल अधिकारी EBSB एवं
अतिरिक्त निदेशक (शैक्षिक))
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/PPEC/EBSB/19558/2022/241 दिनांकः यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपिः—

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक/ माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
4. उप निदेशक (माध्यमिक) माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
5. सयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा समस्त संभाग।
6. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/प्रारम्भिक मुख्यालय समस्त जिला।
7. अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी, समस्त को पत्र देकर लेख है कि प्रतिमाह 5 तारीख तक मासिक ऐक्शन टेकन रिपोर्ट इस कार्यालय की मेल आई डी **sigerajasthan.state2@gmail.com** पर प्रेषित कराना सुनिश्चित करावे।
8. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, समस्त।
9. समस्त PEEO/UCEEO
10. एसीपी कम्प्यूटर अनुभाग को पत्र देकर लेख है कि विभागीय वैबसाइट पर आज ही अपलोड करावें।
11. कार्यालय रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified
Digitally signed by RajKumar Sharma
Designation : Additional Director
Date: 2025.06.02 13:51:32 IST
Reason: Approved

अतिरिक्त निदेशक (शैक्षिक))
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajkumar Sharma
Designation : Additional Director
Date: 2025.06.02 13:51:32 IST
Reason: Approved